हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार, 26 मई 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 प्रधानमंत्री ने नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई,...



14 छिंद पेड़ किसी वरदान से कम नहीं, कई वस्तु ...





कार्रवाई : पुलिस को सबूत मिलने पर इनकी जमीन व घर की हो सकती है कुर्की

# कांकेर जिले के 29 रहवासी नक्सली की भूमिका पर पुलिस सबूत खंगालने में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



मार्च 2026 का अल्टीमेटम जारी होने के बाद पुलिस जिले के कई गांव में रहने वाले 29 रहवासी जो नक्सली की भूमिका में है, उनको चिन्हांकित किया है। पुलिस इनके सबूत खंगालने में जुटी है और जल्द इनकी जमीन व घरों की कुड़की कर सकती है। पुलिस कई नक्सलियों के घरों में भी पहुँची है।नक्सली के परिजनों को वापिस बुलवाने की समझाइश दी गई है।

- नक्सलियों के साथ परिजनों को उठानी पड़ सकती है दिक्कत

जानकारी के अनुसार कांकेर पुलिस ने जिले के विभिन्न गांव में रहने वाले 29 रहवासी जिसमें रमेश उर्फ मुकेश उपेंडी, निवासी मलमेटा थाना ताड़ोकी, राजू सलाम निवासी मरदा, हीरालाल कोमरा उर्फ करीबन निवासी लोहरी, थाना सिकसोड़, तीजू उर्फ सोमा कोरसा निवासी वट्टेकाल, थाना बड़गांव, अनिल उर्फ सुरेश निवासी मड़ाम थाना आमाबेड़ा, नरसिंह नेताम निवासी मेंड्रा थाना बड़गांव, मीना नेताम उर्फ मनकी निवासी लाटमरका थाना बड़गांव, मैनू नेगी उर्फ करिया निवासी कोईनटोला भैंसासुर थाना सिकसोड़, रमशीला पोटाई निवासी गुदंल थाना कोयलीबेड़ा, रामसाय मरापी निवासी तेलंगा थाना आमाबेड़ा, मंगो निवासी बिनागुंडा थाना छोटेबेठिया, सनकी निवासी बिनागुंडा थाना छोटेबेठिया, रजिता निवासी परतापुर, कमला पद्दा निवासी मेंड्रा थाना बड़गांव, सनोती निवासी परतापुर, इतवारिन पद्दा निवासी कृगांलमस्पी थाना परतापुर, ज्योति पोटाई बुधनदंड थाना परतापुर, मनू दुग्गा टेमरूगांव थाना रावघाट, प्रसाद ताड़ामी निवासी मरदा थाना कोयलीबेड़ा, जग्गू गोटा निवासी हलईनार थाना आमाबेड़ा, रीना नरेटी तमोड़ा थाना आमाबेड़ा, समिता निवासी गट्टाकाल थाना कोयलीबेड़ा, स्वरूपा निवासी गुमड़ी थाना लोहत्तर, रैजू सलाम निवासी देवगांव थाना आमाबेड़ा, जयमती उर्फ रंनीता निवासी एहनूर थाना सिकसोड़, सत्यम गावड़े निवासी कुरूषबोड़ी थाना कोयलीबेड़ा, शशि जिला कांकेर, गीता उर्फ सनकी उसेंडी निवासी कोयलीबेड़ा और दिवाकर गावड़े निवासी कतरू कुरूषबोड़ी थाना सिकसोड़ को नक्सली के विभिन्न कंपनी और दलम में कार्य करते हुए चिन्हांकित किया है। इन सभी नक्सलियों के परिजनों की जमीन व घर की जानकारी जुटाई जा रही है। इन नक्सलियों पर मामला दर्ज होने पर इनको भगोड़ा घोषित करके इनकी संपत्ति और घरों की कुड़की की जा सकती है।

### आमाबेड़ा और कोयलीबेड़ा के हैं निवासी

पुलिस ने पहली सूची के तहत जितने नक्सलियों को चिन्हांकित किया है, उनमें अधिकतम आमाबेड़ा और कोयलीबेड़ा इलाके के है। नक्सली अंदरूनी इलाके के ऐसे युवाओं को अपने साथ शामिल किया है, जिनकी परिवारिक पृष्ठिभूमि आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है। स्थानीय नक्सलियों को सरकार ने जो मौका दिया है, उसका लाभ उठा लेना चाहिए, अन्यथा उनके साथ आने वाले समय में बड़ी अनहोनी हो सकती है।

### समर्पण करने वाले नक्सली दे रहे जानकारी

समर्पण करने वाले नक्सली कांकेर जिले के लोग जो नक्सलियों के साथ काम कर रहे है, उनकी जानकारी दे रहे है। पुलिस लगातार सूची तैयार कर रही है,यह नाम अभी तक चिन्हांकित किए गए है। पुलिस कई नक्सलियों के घरों में पहुंचकर नक्सलियों का वापिस बुलाने के लिए परिवार के सदस्यों के साथ काउंसलिंग करते हुए समझाइश दी गई है। चिन्हांकित नक्सलियों का यह आंकड़ा बढ़ सकता है।

### चिन्हांकित नक्सलियों की जुटाई जा रही जानकारी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि कांकेर में रहने वाले लोग जो नक्सली के विभिन्न दलम व कंपनी में काम कर रहे है। इनके खिलाफ यूएपीए के तहत अपराध दर्ज है। उनको भगोड़ा घोषित करके उनकी संपत्ति की कुड़की किया जाएगा। सभी नक्सलियों के पास नक्सल पुर्नवास नीति के तहत समर्पण करने का मौका है। भगोड़ा घोषित होने के बाद इनके परिजनों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

## खबर संक्षेप

### भाजपाइयों ने पीएम मोदी के मन की बात का 122 वां एपीसोड सुना



**कांकेर।** शहर कांकेर के 21 वार्डों में पीएम मोदी के मन की बात का 122 वाँ एपीसोड सुना गया। माहुरबंदपारा में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व बूथ के लोगों के साथ मन की बात का 122 वाँ एपीसोड सुना गया। पीएम मोदी ने आपरेशन सिन्दूर के अलावा, नक्सलवाद और कांकेर जिले के दसवीं व बारहवीं के बच्चों का टाप में स्थान आने का मन के बात में चर्चा किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह, जिला मंत्री देवेन्द्र भाऊ, मंडल महामंत्री गिरधर यादव, पार्षद उगेश्वरी उइके, मनीष जैन, कविता यादव, कोकिला यादव, चन्देश बोध, नमेश यादव, कोमल यादव, पद्मनी नाग, चन्द्र शेखर सलाम, राजेश व बूथ के लोग उपस्थित थे।

### नवजात का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गूकोंदल के पीछे बने नाली में अज्ञात नवजात शिशु का शव मिला। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सीएचसी दुर्गूकोंदल के वार्ड बॉय परमेश्वर नेताम ने भानुप्रतापपुर पुलिस को बताया कि 24 मई को सीएचसी दुर्गूकोंदल के पीछे बाथरूप के नाली में अज्ञात व्यक्ति द्वारा नवजात शिशु को फेंक दिया गया है, शिशु मृत अवस्था में है। भानुप्रतापपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### खेत में मिला युवक का शव, मामला संदिग्ध

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत ग्राम बांदे में बालोद जिला के दल्लीराजहरा से अपने रिश्तेदार के यहां आए युवक का शव खेत की ओर मृत अवस्था में मिला। दल्लीराजहरा निवासी 33 वषीय सरस्वती विश्वास ने पुलिस को बताया कि दल्लीराजहरा निवासी 36 वर्षीय मुकेश विश्वास बांदे आया था। जीतू मरकाम के खेत की ओर चट्टान के पास मृत अवस्था में पाया गया। युवक की मौत 23 मई को शाम 7 बजें से 24 मई को सुबह 11 बजें बीच हुआ है। बांदे पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम आंवरी निवासी 45 वर्षीय ललीत राम सिंहा ने जंगल की ओर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आंवरी निवासी 65 वर्षीय गोपाल राम सिंहा ने पुलिस को बताया कि मृतक ने जंगल की ओर पीपल झाड़ में 24 मई को गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। आत्महत्या करने के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवती ने अस्पताल में तोड़ा दम, विवेचना जारी

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत कापसी निवासी 20 वर्षीय शांति पुड़ो का इलाज के दौरान मौत हो गई। सीएससी नरहरपुर के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतिका 24 मई को सुबह साढ़े 10 बजे धमतरी जिला के केरेगांव ईमलीपारा रोड में घायल हो गई थी। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### जहर खाने से ग्रामीण की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम मोहपुर निवासी 45 वर्षीय ललतू राम ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उसका 27 फरवरी को जिला अस्पताल रायपुर में ▶▶| शेष पेज 12 पर

## टाइमिंग नल से पानी भरने की बात को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

घर के बाहर लगे टाइमिंग नल से पानी लेने गए बुजुर्ग महिला के साथ मुहल्ले की अन्य महिला ने मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दिया। मारपीट और जान से मार देने की मिली धमकी से सहमी बुजुर्ग महिला ने घटना की शिकायत थाना में दर्ज कराया। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे भानुप्रतापपुर वार्ड क्रमांक 3 संजयपारा निवासी 60 वर्षीय सुखबती निषाद पिता स्व. सुन्हेर निषाद ने पुलिस को बताया कि गृहणी कार्य करती हूं। 22 मई की सुबह लगभग 10 बजे अपने घर के सामने स्थित सरकारी टाइमिंग नल में पानी भरने गई थी। सरकारी टाइमिंग नल पर चैती थापा अपने बाल्टी को पहले से रखी थी। मुझे काम में जाना है, एक बाल्टी पानी भरने दो, फिर आप भरते रहना। मेरा ऐसा बोलने पर चैती थापा ने मुझे गाली देना शुरू कर दिया और जोर जोर से चिल्लाते हुए विवाद करने लगी। आरोपी महिला आक्रोश में आकर मेरे सा थ हाथ मुक्का एवं लात से मारपीट करते हुए तेरा कोई नहीं है, तुमको जान सहित मारकर खत्म कर दूंगी बोलते हुए मुझे जमीन में पटक दिया। मारपीट करने से मेरे कमर, पसली, दाहिने आंख में चोट आई है। बुजुर्ग महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी महिला ने मेरे साथ बहुत ही बेदर्दी से मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। मेरे द्वारा रिपोर्ट लिखाने पर मेरे साथ फिर से विवाद कर सकती है और मेरे साथ कोई भी अनहोनी होती है, उसकी जिम्मेदार वह महिला ही होगी। बुजुर्ग महिला ▶▶| शेष पेज 12 पर



- बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सिंदूर शौर्य यात्रा निकाली गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

स्वाभिमान मंच के आह्वान पर नागरिकों के सहयोग से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैनिकों के उत्साहवर्धन स्वागत वंदन एवं आभार के लिए सिंदूर शौर्य यात्रा एवं सभा का आयोजन किया गया।

- नगरवासियों ने कार्यक्रम में लिया हिस्सा

कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर के नगरवासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और देश के सैनिक बलों सफल ऑपरेशन के लिए आभार व्यक्त किया। ऑपरेशन सिंदूर के सफलता पर सभा में सभी ने सेना के पराक्रम व शौर्य की प्रशंसा किया। ऑपरेशन की कामयाबी पर हर्ष जताया गया साथ ही आतंकवाद का समर्थन करने वालो पर तीखे प्रहार किए और सेना के पराक्रम की प्रशंसा किया। यात्रा के दौरान सैकड़ों नगरवासियों ने हाथों में तिरंगा लेकर रैली हिस्सा लिया और देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी एकता का प्रदर्शन किया। यात्रा के दौरान मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिँह राठौर, सनातन समाज अध्यक्ष गौरव चोपड़ा, ▶▶| शेष पेज 12 पर



## झीरम घाटी में शहीद कांग्रेस नेताओं को कांग्रेसियों ने राजीव भवन में दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

झीरम घाटी नक्सली हमले की 12 वीं बरसी पर जिला कांग्रेस कमेटी ने राजीव भवन में शहीद नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शहीदों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा। साथ ही पुराना बस स्टैंड स्थित शहीद भगत सिंह चौक में कैंडल जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

गौरतलब है कि झीरम हमला 25 मई 2013 को घटित हुआ था, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेता नंदकुमार पटेल, महेन्द्र कर्मा, विद्याचरण शुक्ल, उदय मुदलियार, दिनेश सहित सुरक्षा कर्मी नक्सली हमले में शहीद हुए थे। इस दिन को कांग्रेस पार्टी आज भी शहादत और न्याय की प्रतीक्षा का प्रतीक मानती है। कांग्रेसियों ने कहा कि झीरम कांग्रेस के लिए सिर्फ हमला ही नहीं, बल्कि भावनात्मक आघात है। झीरम की घटना लोकतंत्र पर हमला और कभी न मिटने वाला कलंक है। आयोजित श्रद्धांजलि सभा में यासीन कराणी, सरजू शोरी, कमलेश कोमरा, लोमेन्द्र यादव, अजय रेणु, मृदुला भास्कर, दीपक शोरी, खोमेंद्र ऊइके, मतीन खान, चंद्रलोक ठाकुर, शिवांकित श्रीवास्तव, सुमित राय, रोहन सिन्हा, ओमप्रकाश देवांगन, विजय यादव, शेष गजबिए, तारस सिन्हा, अमन गायकवाड़ सहित कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## दूध नदी पर बन रही रिटर्निंग वॉल एवं लैंडस्केपिंग कार्य का विधायक और कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का सघन निरीक्षण विधायक आशाराम नेताम, कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर एवं अन्य अधिकारी व निर्माण एजेंसी की उपस्थिति में किया गया। संबंधित अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान दिशा-निर्देश दिया गया।

विधायक एवं कलेक्टर ने मुआयने की शुरुआत सिंगारभाट स्थित खेल परिसर से किया, जहाँ बनने वाले सिंथेटिक ट्रैक एवं जिम के लिए भवन स्थल का चयन किया गया। इस दौरान खेल अधिकारी को कार्ययोजना तैयार करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही परिसर में निर्माणाधीन स्विमिंग पूल की प्रगति की जानकारी भी ली गई। लोक निर्माण विभाग के सब-इंजीनियर को निर्देश दिए गए कि टाइल्स लगाने सहित अन्य आवश्यक निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं जाएं। शहर से निकलने वाले गंदे पानी के उचित निपटान किए जाने के लिए बनाए गए सिवरेज उपचार संयन्त्र (एसटीपी) का निरिक्षण किया गया। विधायक ने कहा कि जल्द ही गंदे पानी से शहर वासियों को छुटकारा मिलेगा। एसटीपी निरीक्षण पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि जल्द ही मुक्तिधाम का भी कायाकल्प होगा। मुक्तिधाम में जो भी जरूरत है, सारे संसाधन का प्रबंध किया जाएगा। विधायक ने परिसर में नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए तथा परिसर की समुचित देखरेख के लिए चौकीदार की नियुक्ति के निर्देश भी दिए। इसके उपरांत टीम दूध नदी पर बन रहे रिटर्निंग वॉल एवं लैंडस्केपिंग कार्य का निरीक्षण किया और जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता को जरूरी निर्देश दिए। शहर के ▶▶| शेष पेज 12 पर

## महाराणा प्रताप की जयंती मनायी जाएगी 29 मई को



**कांकेर।** राजपूत क्षत्रिय समाज की बैठक रखी गई, जिसमें निर्णय लिया गया कि 29 मई 5 ज्येष्ठ शुक्लपक्ष तृतीया को क्षत्रिय कुल सम्राट वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जन्मोत्सव को मनाया जाएगा। जयंती पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शोभायात्रा एवं अन्य कार्यक्रम किए जाने का निर्णय लिया गया। शोभायात्रा के पहले महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थल के पास सायं साढ़े 4 बजे एकत्र होंगे। प्रतिमा में माल्यापर्ण एवं पूजा अर्चना के उपरांत शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजित बैठक में बीपीएस राजपूत, राजीवलोचन सिंह, रूपेश्वर ठाकुर, सरकार सिंह ठाकुर, राजकुमार राठौर व समाज के समस्त पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## विधायक आशाराम ने प्रदर्शनी का किया शुभारंभ



**कांकेर।** अहिल्याबाई होल्कर के 300 वीं जयंती के अवसर पर कांकेर पुराने बस स्टैंड में अहिल्याबाई होल्कर के जीवन की सचित्र जीवनी की प्रदर्शनी 25 मई को लगाई गई, जिसमें अहिल्याबाई होल्कर के जीवन वृतांत का वर्णन उल्लेखित है। चित्रों के माध्यम से उनका जीवन परिचय, उनके शासनकाल, उनके ऐतिहासिक कार्यों का उल्लेख किया गया था। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ कांकेर विधानसभा के विधायक आशाराम नेताम, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले व अन्य भाजपाइयों की उपस्थिति में किया गया।

## विधायक विक्रम की पहल पर उसेली से आमाबेड़ा सड़क की शुरू हुई मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



अंतागढ़ विधानसभा में लोक निर्माण विभाग के द्वारा नियमित सड़क की मानिटरिंग नहीं करने पर विधायक विक्रम उसेंडी जिम्मेदार अफसरों पर लगातार नाराजगी व्यक्त कर चुके है। विधायक के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने उसेली से आमाबेड़ा मार्ग पर मरम्मत कार्य शुरू किया है।

अंतागढ़ विकासखंड का इलाका अतिसंवेदनशील होने के कारण जनप्रतिनिधियों का मूवमेंट कम होता है। पुलिस की बिना सुरक्षा के क्षेत्र का भ्रमण करना संभव नहीं हो पाता है, ऐसा प्रोटोकाल के तहत होता है। विधायक विक्रम उसेंडी लगातार अंतागढ़ विधानसभा का दौरा कर रहे है और शिकायत मिलने पर अधिकारियों की क्लास भी ले रहे है। विगत दिनों विधायक विक्रम उसेंडी आमाबेड़ा प्रवास पर गए थे। वहाँ पर उन्होंने उसेली से आमाबेड़ा रोड की हालत को देखकर लोक निर्माण विभाग के अफसरों को मरम्मत करने का निर्देश दिया था। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ने गंभीरता दिखाते हुए तत्काल मरम्मत कार्य को प्रारंभ कर दिया, जिससे लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। कांग्रेस के पाँच साल में किसी भी तरह की नई सड़क नहीं बनने के कारण अंदरूनी इलाकों की सड़को का हाल बेहाल है। विधायक ने अधिकारियों से साफ शब्दों में कहा है कि अंदरूनी इलाके के सड़को पर कार्य बेहतर ढंग से किया जाएं, शिकायत मिलने पर कार्यवाही होना तय है। विधायक ने लोक निर्माण विभाग के आला अफसरों से कहा है कि बारिश के पहले ऐसी सड़के जहाँ पर गड्ढे हो गए है, उन गड्ढो को भरकर चलने लायक बनाने के लिए कार्य प्रारंभ कर दें। सब इंजीनियर अपने प्रभार वाले इलाके वाले गाँवा को भ्रमण करके सड़को की स्थिति की जानकारी जुटाएं, जिससे सड़को के कार्यो को आने वाले बजट में जुड़ाया जा सके। विधायक ने लापरवाही बरतने वाले सब इजीनियरों को चेताया है कि सही ढंग से काम करें, अन्यथा उन पर कार्रवाई होना तय है।

महिलाएं पति की लंबी उम्र की कामना के साथ करती है बरगद पेड़ की पूजा

# वट सावित्री पर सोमवती अमावस्या का बन रहा दुर्लभ संयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि पर वट सावित्री का पर्व मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं पति की लंबी उम्र व तरक्की के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। मान्यता है कि इस दिन देवी सावित्री ने यमराज से पति सत्यवान के प्राण वापिस ले लिए थे। इस पर्व में मुख्य रूप से वट वृक्ष की पूजा की जाती है।

हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व है, इस बार यह व्रत 26 मई को है। यह व्रत केवल विवाहित महिलाओं द्वारा ही किया जाता है। इस व्रत से महिलाओं को अखंड सौभाग्य का फल प्राप्त होता है। इस बार वट सावित्री व्रत के साथ इस दिन सोमवती अमावस्या होने के कारण इस दिन की महत्ता और अधिक बढ़ गई है। इस दिन महिलाएं शिव, विष्णु एवं सावित्री की एक साथ आराधना करेंगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ऐसी मान्यता है कि वट वृक्ष में त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होता है। वट वृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा, तने में विष्णु और शाखाओं में महेश का वास माना जाता है। इसलिए वट वृक्ष की पूजा करने से एक साथ त्रिदेवों की कृपा प्राप्त होती है। इतना ही नहीं, वट सावित्री के दिन वट वृक्ष पर यमराज निवास करते हैं, जिससे विवाहित स्त्रियां अपने पति की लंबी आयु के लिए यमराज से प्रार्थना करती हैं। वट सावित्री का व्रत आरोग्य प्राप्ति के लिए भी माना जाता है।

### वट सावित्री व्रत पर बनेंगे दुर्लभ संयोग

वर्ष 2025 में वट सावित्री व्रत के दिन बहुत सारे दुर्लभ संयोग बनने वाले हैं, जो इस दिन की महिमा को विशेष रूप से पुण्यदायी बनाएंगे। वट सावित्री व्रत का दिन सोमवार अमावस्या तिथि पर पड़ रहा है। वट सावित्री के दिन चंद्रमा वृषभ राशि में स्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त और भी शक्तिशाली योग बन रहे हैं जैसे बुधादित्य योग, जिससे बुद्धि, संवाद और बौद्धिक क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। मालव्य योग सुंदरता, भोग-विलास और ऐशो-आराम में वृद्धि करता है। त्रिग्रही योग तीनों ग्रहों की मिली शक्ति से मंगलमय प्रभाव डालता है। संपूर्ण योगों के दुर्लभ संयोग से इस साल वट सावित्री व्रत धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से बहुत पुण्यदायी है। व्रतधारी महिलाओं के लिए यह शुभ अवसर अन्य वर्षों से कई गुणा अधिक पुण्य देने वाला रहेगा।

## खबर संक्षेप

### सांस्कृतिक व कौशल विकास की गतिविधियों में जुटे विद्यार्थी



**कोंटा।** जिला प्रशासन सुकमा के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला मिशन समन्वयक के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के रचनात्मकता और प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से पीएमश्री विद्यालय कोंटा में समर कैंप का आयोजन 15 मई से 25 मई तक आयोजित किया गया। पीएम श्री स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय कोंटा में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन आज विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी श्रीनिवास के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। दस दिवसीय समर कैम्प में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण का लाभ लिया। विद्यालय के प्रचार्य बीएल औरसा के नेतृत्व में यह शिविर 15 से 25 मई तक आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों ने नृत्य गायन वादन मूर्तिकला कबाड़ से जुगाड़ रंगोली चित्र कला संगीत योगा खेलकूद स्पोकन इंग्लिश आदि विभिन्न प्रकार के कला और शिक्षा ग्रहण करते हुए रुचिपूर्वक सहभागिता निभाया।

### मंत्रालय घेराव की चल रही जोर शोर से तैयारी

**गीदम।** छग में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रक्रियाधीन युक्तियुक्तकरण तथा उसके मापदंड व विसंगतियों के मुखर विरोध व 28 मई को समस्त शैक्षिक संगठनों के तत्वावधान में आहूत मंत्रालय घेराव की जोर शोर तैयारियों के बीच शालेय शिक्षक संघ ने



स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े कुछ ज्वलंत मुद्दे उठाए हैं जिनका जवाब विभाग के समक्ष अधिकारियों को देना चाहिए तथा मुख्यमंत्री को भी संज्ञान में लेना चाहिए। शालेय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि कोई भी शिक्षक संगठन राज्य के शिक्षक विहीन व एकल शिक्षकीय शालाओं में शिक्षक उपलब्ध कराने की प्रक्रिया का विरोध नहीं कर रहा है। उनका विरोध युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत कुछ मापदंडों व विसंगतियों को लेकर है जो कि राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता व सर्वसुलभता को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है तथा राज्य के बच्चों सर्वांगीण विकास में बाधा उत्पन्न करने के साथ ही शिक्षकों के हितों के भी विरुद्ध है।

## निधन

### विठल दास शर्मा



**जगदलपुर।** शहर के सुभाष वार्ड राजबाड़ा निवासी विठल दास शर्मा (92) का रविवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। आज गृह निवास में सुबह 6 बजे अंतिम सांस ली। अपने पीछे 3 पुत्र, नाती-पोतों से भरा परिवार छोड़ गए। वे किशोर शर्मा, विजय शर्मा व सुशील शर्मा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार शाम 5 बजे प्रवीर वार्ड खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें परिजन सहित रिश्तेदार व शहर के नागरिक सम्मलित हुए।

---

### पंजीयन विभाग की दस क्रांतिकारी सुविधाएं पर आधारित कार्यशाला

# जमीन के खरीदी-बिक्री प्रक्रिया सरल होने के साथ-साथ फर्जी रजिस्ट्री पर लगेगा अंकुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन में जनसाधारण को सहूलियत पहुंचाने रजिस्ट्री नियमों में 10 क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। जिसका जमीन खरीदी -बिक्री करने वाले प्रदेश के जनता को प्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचेगी। उक्त नए नियमों के




- रजिस्ट्री के कठिन प्रक्रियाओं से मिलेगी मुक्ति : कलेक्टर

बदलाव एवं सुविधाओं को जन साधारण तक पहुचाने के लिए कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में राजस्व अधिकारियों द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, जनपद अध्यक्ष बीजापुर सोनू पोटाम, जनपद अध्यक्ष भैरमगढ़ सहित वरिष्ठ नागरिक घासीराम नाग, निवास मुदलियार सहित राजस्व विभाग के अधिकारीगण, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल एवं एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल सहित जनप्रतिनिधिगण, वार्ड पार्षद, स्टाम्प वेंडर, दस्तावेज लेखक, गणमान्य नागरिक एवं मीडिया प्रतिनिधिगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुऐ पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने रजिस्ट्री नियम के लिए ऐतिहासिक बदलाव से जमीन की खरीदी बिक्री, एवं रजिस्ट्री की प्रक्रिया सुगम एवं सुरक्षित ढंग से होने से फर्जी रजिस्ट्री सहित जमीन संबंधी अन्य विवादास्पद परिस्थितियों से निजात मिलेगी। वहीं इस ऐतिहासिक निणर्य को जनसाधारण के महत्वपूर्ण एवं लाभदायक बताया वहीं। कलेक्टर संबित मिश्रा ने इसे शासन की बहुत अच्छी पहल बताते हुए कहा कि अब रजिस्ट्री में होने वाली कठिन प्रक्रियाओं से मुक्ति मिलेगी। नामांतरण अब रजिस्ट्री के बाद स्वतः हो जाएगा घर बैठे रजिस्ट्री एवं जमीन के बारे में जानकारी आसानी से हो जाएगा। इस नियम का व्यापक स्तर पर जनसाधारण के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगो में जागरूकता किया जाएगा।

कार्यशाला में रजिस्ट्री नियमों के संशोधन से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। वहीं मास्टर ट्रेनर द्वारा पंजीयन विभाग की 10 क्रांतिकारी सुविधाओ को पीपीटी के माध्यम से बताया गया। जिसके अन्र्तगत फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन- क्रेता-विक्रेता की पहचान सीधे आधार संख्या और बायोमैट्रिक के माध्यम से की जाएगी, जिससे फर्जी रजिस्ट्री की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। रजिस्ट्री की जानकारी अब आपकी अंगुलियो पर- खसरा नंबर दर्ज कर संपत्ति की पूर्व रजिस्ट्री की जानकारी देखी जा सकती है और दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं। यह पारदर्शिता और सुरक्षित खरीद को बढ़ावा देता है।संपत्ति पर ऋण, बंधक या पूर्व विक्रय की स्थिति अब ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र के माध्यम से आसानी से ज्ञात की जा सकती है। स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्कों का कैशलेस भुगतान- स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क अब एकीकृत रूप से यूपीआई डेबित कार्ड, नेट बैंकिंग आदि से कैशलेस रूप में भरे जा सकते हैं। लॉट बुकिंग, दस्तावेज की स्थिति, पंजीयन पूर्ण होने की सूचना एवं रजिस्ट्री की प्रति व्हाट्सएप के माध्यम से स्वतः प्राप्त होगी। पंजीकृत दस्तावेज अब डिजीलॉकर में डिजिटल रूप में संरक्षित रहेंगे, जिन्हे आवश्यकता अनुसार कभी भी डाउनलोड किया जा सकेगा। पक्षकार द्वारा जानकारी भरने के पश्चात दस्तावेज का प्रारूप स्वतः जनरेट होगा एवं उप पंजीयक को डिजिटल रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। घर बैठे स्टाम्प सहित दस्तावेज बनाने की सुविधा, आम लोगों की कानूनी दस्तावेजों तक सीधी पहुंच- डिजीडॉक सेवा के माध्यम से किरायानामा, शपथ पत्र, अनुबंध जैसे दस्तावेज स्वयं तैयार किए जा सकते हैं, वो भी डिजिटल स्टाम्प के साथ।

## कांग्रेसियों ने झीरम घाटी शहीदों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला मुख्यालय बीजापुर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया, जिसमें झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए कांग्रेस नेताओं को याद किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया।

सभा में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा, झीरम घाटी के शहीदों ने लोकतंत्र और समाज सेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका बलिदान हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। यह सभा झीरम घाटी हमले की बरसी पर आयोजित की गई, जिसमें 25 मई 2013 को नक्सलियों ने कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हमला किया था, जिसमें कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शहीद हो गए थे। कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं ने शहीदों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला पंचायत बीजापुर के पूर्व अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी, पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य बोधी ताती, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी प्रवीण डोंगरे, पुरुषोत्तम सल्लूर, ज्योति कुमार, हरेंद्र मांझी, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, बलराम कोरसा और लक्ष्मण कड़ती सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निजीकरण के विरोध में आज से न्याय यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

प्रदेश सरकार ने इसी वर्ष जनवरी के मध्य में बैलाडीला की डिपॉजिट ए, डिपॉजिट बी, डिपॉजिट सी तथा कांकेर की हालालदी स्थित डिपॉजिट की नीलामी की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की थी। जिसमें दंतेवाड़ा जिले के बैलाडीला में लौह अयस्क की तीन नई डिपॉजिट में से दो विश्व की सबसे बड़ी स्टील उत्पादक कंपनी आर्सेलर मित्तल एवं एक रुंगटा स्टील को मिला है। बचेली भांसी के बीच 1725 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तारित लौह अयस्क खदान की इन तीनों डिपॉजिट से आगामी 50 वर्षों में छत्तीसगढ़ सरकार को लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति होगी।



बैलाडीला की 2 लौह अयस्क डिपॉजिट आर्सेलर मित्तल एवं एक रुंगटा को मिलने के बाद कांग्रेस ने यहां की जल, जंगल और जमीन को बचाने की मुहिम छेड़ दी है। पीसीसी चीफ दीपक बैज बस्तर की संसाधनों को बचाने के लिए किरंदुल से दंतेवाड़ा की पद यात्रा करेंगे। इस पद यात्रा का नाम न्याय यात्रा रखा गया है। इस न्याय यात्रा के जरिए जनता में जन जागरण लाकर एक निजीकरण के विरोध में एक आंदोलन चलाएंगे। यह यात्रा कुल 40 किलोमीटर की यात्रा निकालेंगे किरंदुल से 26 मई से शुरू होगी और 29 मई को दंतेवाड़ा के कलेक्टर कार्यालय के घेराव से खत्म होगी। दीपक बैज प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी भाजपा सरकार के आने के बाद से छत्तीसगढ़ के संसाधनों को निजी हाथों में सौंपने का काम हुआ है। अवैध खनन के कई मामले सामने आ रहें हैं। इस प्रकार से भविष्य में भी कई मामले होने की आशंका है। इन्हीं मुद्दों को लेकर हम पदयात्रा निकालने जा रहे हैं स्थानीय सभी लोगों से इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील कर रहे हैं। दीपक बैज ने विष्णुदेव साय सरकार पर आरोप लगाया है कि जब से यह सरकार आई है। इस सरकार ने छत्तीसगढ़ को एक बार फिर कॉरपोरेट घरानों का चारागाह बना दिया है।

बस्तर की चार बड़ी लौह अयस्क खदानें निजी पूंजीपतियों को दी गई है। इसमें से 2 खदानें बैलाडीला 1ए और बैलाडीला 1बी की खदान आर्सेलर मित्तल को 50 साल के लिए लीज पर दे दी गई है। दीपक बैज ने आरोप करते हुए आगे कहा कि बैलाडीला 1सी खदान रूंगटा स्टील को 50 सालों के लिए दी गई है। कांकेर जिले के हाहालादी खदान सागर स्टोन को 50 साल के लिए दे दिया गया है।

यह शुरुआत है इसके बाद बस्तर के सभी बहुमूल्य खनिज संपदा को अडानी को सौंपने की तैयारी की जा रही है।

## बच्चों में दिखा उत्साह विविध गतिविधियों से मिली नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर विकासखंड के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला कुड़कानार में 5 मई से 22 मई तक 15 दिवसीय मेगा समर कैम्प का आयोजन किया गया, जो आज संपन्न हुआ। यह शिविर बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरिश एस. एवं जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल के निर्देशन में संपन्न हुआ।



विद्यालय के प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र यादव ने जानकारी दी कि समर कैम्प में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक दिन के लिए अलग-अलग गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इनमें सामान्य ज्ञान, भाषाई एवं गणितीय कौशल, कहानी उत्सव, चित्रकला-पेंटिंग, वंशवृक्ष निर्माण, आर्ट-क्राफ्ट, नृत्य-संगीत, योग-ध्यान, माटी कला, नाटक, देशभक्ति गीत-नृत्य, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा तथा विज्ञान मॉडल और प्रयोग शामिल रहे।

समर कैम्प के समापन अवसर पर बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर बच्चों के चेहरों पर सीखने की खुशी और संतोष झलक रहा था। समापन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कुड़कानार के सरपंच सामो कश्यप, उप सरपंच हेमनाथ पटेल, धनसाय बघेल, भुवनेश्वर ठाकुर, नारायण सिंह मौर्य, धनंजय ठाकुर एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## 125 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बीजापुर जो कि एक अत्यधिक संवेदनशील एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल उपलब्ध कराना एवं मातृ-शिशु मृत्यु दर में प्रभावी कमी सुनिश्चित करना है। अभियान के दौरान कुल 125 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से 47 महिलाओं को उच्च जोखिम गर्भावस्था श्रेणी में चिन्हित किया गया। इन मामलों में प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा विशेष परामर्श एवं आवश्यक उपचार प्रदान किया गया ताकि मातृत्व संबंधी जटिलताओं को समय रहते रोका जा सके। इसके अतिरिक्त, 80 महिलाओं का



अल्ट्रासाउंड परीक्षण भी किया गया, जिसने गर्भावस्था के दौरान उत्पन्न संभावित जटिलताओं की शीघ्र पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस संवेदनशील क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुँचाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन स्थानीय प्रशासन एवं चिकित्सा टीमों के समर्पित प्रयासों से यह संभव हुआ।

एचआरपी मामलों की समय पर पहचान और प्रभावी प्रबंधन से मातृत्व संबंधी जटिलताओं को सफलतापूर्वक रोका जा सकता है। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यापक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि प्रत्येक महिला, चाहे वह किसी भी क्षेत्र में रहती हो, सुरक्षित मातृत्व का अधिकार प्राप्त कर सके।

इस अभियान की सफलता में कलेक्टर संबित मिश्रा का महत्वपूर्ण नेतृत्व रहा, जिन्होंने प्रशासनिक समन्वय सुनिश्चित किया। सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने अभियान के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता में सहायता प्रदान की।

# कलरव ने मनाया अपना पहला वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

### प्रदेश अध्यक्ष, महापौर सहित कई नेता हुए शामिल






संगीत समूह कलरव ने अपने प्रथम वार्षिकोत्सव पर शनिवार को शौर्य भवन में अनुनाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कलाकारों ने 35 से अधिक फिल्मी गाने गाकर अपनी स्वर लहरियों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, महापौर

- अनुनाद की स्वर लहरियों से झूम उठे श्रोता

संजय पांडे, बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पूर्व महापौर सफ़िरा साहू, प्रदेश मंत्री दीप्ति पांडे एवं संजय मार्केट व्यापारी कल्याण संघ के अध्यक्ष पंकज सिंघल अतिथि के रूप में मौजूद थे।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कलरव परिवार को प्रथम वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं दी साथ ही कलरव द्वारा



विगत एक वर्ष में संगीत के क्षेत्र में किए गए प्रयासों की जमकर तारीफ की। कलरव की ओर से पहली प्रस्तुति संग्राम सिंह राणा के गीत शान से के साथ हुई जिसने कार्यक्रम के ऊंचे स्तर को परिभाषित कर दिया। भिलाई से आए डॉल्फिन के बी ऑर्केस्ट्रा ग्रुप ने बेहतरीन संगीत से दर्शकों की तालियां बटोरीं। देर रात तक चले कार्यक्रम में 35 सोलो एवं युगल गीत गाए गए जो अब तक किसी एक कार्यक्रम में एक साथ नहीं गाए गए हैं। सुरीली प्रस्तुतियों ने दर्शकों को लंबे समय तक बांधे रखा। कलरव के एलपी सोनी, आशा सोनी, अफजल अली, रेशमा अली, डॉ आनंद जी सिंह, डॉ गीता सिंह, रजनीश देवांगन, दीपाली देवांगन, डॉ कुमार वीरेंद्र, सुषमा नेताम, महेश ठाकुर, मुकेश वासनिक, विश्वजीत भट्टाचार्य, रणजीत गौतम, कुर्बान अली, संजीव पचौरी, एम वी बिंटू, निशांत मिश्रा, बंसीलाल साहू, अल्पना तिवारी, नीरू नायक ने पुराने व नए फिल्मी गीतों से समा बांध दिया। गौरतलब है कि कलरव संस्था का गठन कुछ गैर व्यवसायी, शौकिया, घरेलू व कामकाजी लोगों के समूह ने किया है जिसमें सर्जन, वन अधिकारी, शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, मीडिया पर्सन व गृहणियां शामिल है।

कार्यक्रम के अंत में कलरव परिवार ने केक कटिंग कर एक दूसरे को बधाई दी, सभी को अतिथियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। मंच संचालन गायत्री आचार्य ने किया। तकनीकी पक्ष की जिम्मेदारी बाबला एवं समीर सेन ने संभाली।

### दो मिनट का मौन धारणकर घटना को बताया कायराना हरकत

# झीरमघाट पहुंचकर शहीदों को कांग्रेसियों ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपु

कांग्रेसियों ने आज दरभा ब्लॉक के झीरम घाट पहुंचकर 25 मई 2013 को शहीद हुए कांग्रेसियों को यादकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। दो मिनट का मौन धारण कर नक्सलियों के इस जघन्य घटना को कायराना बताया। उसके बाद राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर ग्रामीण द्वारा प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदु,शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला,पूर्व विधायक रेखचंद जैन सहित कांग्रेस पदाधिकारी व



कार्यकर्ताओं द्वारा झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा सहित दिवंगत सभी कांग्रेस नेताओं व जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस जघन्य हत्याकांड में शहीद महेंद कर्मा के अलावा तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, उदय मुदलियार, योगेंद्र शर्मा, हमले में गंभीर रूप से जख्मी होकर बाद में जान गंवाने वाले विद्याचरण शुक्ल, जवानों समेत सभी 27 शहीदों को याद कर नमन किया गया।

## कांग्रेसी नेताओं की आंतरिक गुटबाजी का परिणाम था झीरम हमला : सांसद

**जगदलपुर।** झीरम कांड की बरसी पर बस्तर सांसद महेश कश्यप ने पीसीसी चीफ दीपक बैज के द्वारा दिये गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि वे हर जगह राजनीति की दुकान चला रहे है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को क्रूर शासक बताने से पहले उन्हें अपने पार्टी के गिरेबान में झांक लेना चाहिए। सांसद ने झीरम घटना को कांग्रेस नेताओं की आंतरिक गुटबाजी का परिणाम बताते कवासी लखमा जिसे नक्सलियों ने



छोड़ दिया था, उनका नार्को टेस्ट कराने की मांग करेंगे। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखने की बात उन्होंने कही है। ताकि झीरम कांड की सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने कहा कि मास्टर माइंड का भी खुलासा भाजपा सरकार के समय ही होगा, क्योंकि बड़ा नक्सली बसवराजु मारा जा चुका है।

## सरपंच ने पंचों के साथ किया पीएम आवास का निरीक्षण

**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत संधकरमरी सरपंच जयमनी कश्यप, उप सरपंच सुकरी, सोनसाय कश्यप, सचिव घेनवा राम, रोजगार सहायक पुरन नेताम, भारत कश्यप ,समस्त पंच गण रैबारू, सोनतोराम, मंगलसाय, अवधेश, नदो, पदम, रूपसिग, गंगाराम, नीलधर , मोहन, मंगला, आवास मित्र भुवेन हरिचंद उक्त सभी पद्माधिकारियो द्वारा प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण किये। कई आवास अपूर्ण पाया गया उसे आवास हितग्राहियों को जल्दी से जल्दी पूरा करने को कहा गया। शासन के निर्देश को ग्राम पंचायत को परिपालन करना अनिवार्य है।

पेज 11 के शेष...

### टाइमिंग नल से...

की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महिला चैती थापा के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### ऑपरेशन सिंदूर की...

पूर्व सैनिक गिरधारी नरेटी, एसआई उर्मिला साहू, भावेश साहू, ममता गटकरी, हरिशचंद्र नेताम, निर्मल कुमार, जनपद सदस्य वरुण खापर्डे, नरोत्तम चौहान, हेमप्रकाश शिवहरे, अनंत कोठरी,प्रदीप जैन, संजय नायक, राहुल धुनें, विवेक डडसेना, वेदप्रकाश सिन्हा, राहुल देवांगन, अतुल कुमार, श्रीवास्तव, आकाश देवांगन, गोकुल यादव, हर्ष शिवहरे व अन्य नगरवासी उपस्थित रहे।

### दूध नदी पर...

पुराने बस स्टैंड क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने नगर पालिका के सीएमओ को निर्देशित किया कि कचरे का संग्रहण दिन में दो बार सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व सभी नालियों की साफ-सफाई अनिवार्यतः करवाई जाए। आमापारा स्थित मुक्तिधाम परिसर में 7.7 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया गया, वहाँ उपस्थित कर्मचारी द्वारा विधायक को प्लांट की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। विधायक ने मुक्तिधाम परिसर में नियमित साफ-सफाई एवं सतत देखरेख के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक के अलावा जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, नगर पालिका सीएमओ सोहेल कुमार, जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी के अलावा पार्षद भी उपस्थित रहे।

### जहर खाने से...

मौत हो गया। थाना मौदहापारा रायपुर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी कांकेर थाना लाने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप



### झीरम पहुंचकर विधायक ने शहीदों को किया नमन

**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव एवं महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंग देवांगन समेत भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने झीरम घटना स्थल पहुंच शहीदों को नमन किया। दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, विद्याशरण तिवारी, रुपसिंह मंडावी, योगेन्द्र पांडे, दरभा मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, संतोष बघेल, अनंतराम कश्यप,पूरन कश्यप, फूलसिंह सेठिया, संरपंच विध्नेस्वर बाकड़े, धमेंद्र ठाकुर, दौलत श्रीवास्तव,मनीराम,प्रकाश झा, सुरेश गुप्ता, मनोहर तिवारी,राजेश श्रीवास्तव, गोविंद ईनाणी, नरेन्द्र पानीग्राही व अन्य भाजपाई सम्मलित थे।

### देसी सब्जी से भरा बाजार, बोड़ा 300 रुपए सोली में बिका

**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में रविवार को बोड़ा 300 रुपए सोली एवं ओडीसा का खेक्सी 80 रुपए किलो में बिक रहा है। बाजार में शहरीय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के सब्जी खरीददारों की भीड़ दिखी। परिसर सब्जियों से भरा पूरा रहा, पर खरीददार कम दिखे, जिससे सब्जी व्यवसायी परेशान रहे। बाजार में टमाटर 15, करेला 50, फूलगोभी 50, पत्तागोभी 30, भिंडी 40, आलू 30, प्याज 30, अदरक 180, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रुपए में 10 जूड़ी बिक रहा है।

### ब्रेवरेज कारपोरेशन के अध्यक्ष से मिले महापौर

**जगदलपुर।** ब्रेवरेज कारपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी से मिलकर महापौर संजय पाण्डे ने मुलाकात की। महापौर ने उनको मिले नये दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी और कई मुद्दों पर चर्चा की । इस मौके पर नगर निगम के एमआईसी सदस्य, पार्षद व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शहीद स्मारक में किया गया शहीदों का स्मरण

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के झीरम घाटी में निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई थी।

वार्ता : पीएम मोदी ने मन की बात में सेना के पराक्रम की तारीफ की

# बस्तर ओलंपिक्स और माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में साहंस लैब और बस सेवा की सुविधा है उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- पीएम मोदी के मन की बात, विभिन्न शक्ति केंद्रो में देखा और सुना गया

रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 122वें एपिसोड के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने देशवासियों से संवाद किया, जिसे भानुप्रतापपुर के सभी ग्रामो में सुना गया। पीएम मोदी ने कहा आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, आक्रोश से भरा हुआ है, संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है कि हमें आतंकवाद को खत्म करना है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेना ने जो पराक्रम दिखाया उसने हर हिंदुस्तान का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा बस से कहीं आना-जाना कितनी सामान्य बात है, लेकिन मैं आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताना चाहता हूं, जहां पहली बार एक बस पहुंची। इस दिन का वहां के लोग वर्षों से इंतजार कर रहे। हम छत्तीसगढ़ में हुए बस्तर ओलंपिक्स और माओवाद



प्रभावित क्षेत्रों में साइंस लैब पर चर्चा कर चुके हैं। यहां के बच्चों में साइंस का जुनून है। वो स्पोर्ट्स में भी कमाल कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों से पता चलता है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग कितने साहसी होते हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में अब एक महीने से भी कम समय बचा है। ये अवसर याद दिलाता है कि अगर आप अब भी योग से दूर हैं तो अब योग से जुड़ें। योग आपका जीवन जीने का तरीका बदल देगा। साथियो 21 जून 2015 में योग दिवस की शुरुआत के बाद से ही इसका आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। इस बार भी 'योग दिवस' को लेकर दुनिया भर में लोगों का जोश और उत्साह नजर आ रहा है। विश्व मधुमक्खी दिवस को जगह देते हुए कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि शहद सिर्फ मिठास नहीं है, यह स्वास्थ्य, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता का भी उदाहरण है। बीते 11 वर्षों में भारत के मधुमक्खी पालन में क्रांति आई है। मन की बात कार्यक्रम भानुप्रतापपुर मंडल के शक्ति केंद्र नारायणपुर के मतदान क्रमांक 107 कन्हारगांव में भाजपा कार्यकर्ता सरस्वती विश्वास के निवास में सुना गया, जिसमें प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष भाजपा डीगेश खापर्डे, जिला कार्यालय मंत्री रत्नेश सिंह, राजीव श्रीवास, गिरधारी नरेटी, प्रदीप विश्वास, नरोत्तम चौहान, गजानन डडसेना, भिखाम आरदे,एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शक्ति केंद्र भानबेड़ा में सुनी गई पीएम की मन कि बात



पीएम नरेंद्र मोदी कि मन की बात कार्यक्रम का 122 वा कड़ी भानुप्रतापपुर मंडल के शक्ति केंद्र भानबेड़ा बूथ क्रमांक 128 में सुना गया। इस अवसर पर मंडल मीडिया प्रभारी जितेंद्र पांडेय, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष गोदावरी यादव, पीलो बाई यादव, कुंती भूआर्य, मेहतरराम नेताम, सरजू राम, पुरुषोत्तम यादव, धरमुराम भुआर्य व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### शक्ति केंद्र कच्चे में सुनी गई पीएम की मन कि बात

भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर के अंतर्गत शक्ति केंद्र कच्चे के ग्राम पंचायत कच्चे में और युवा मोर्चा जिला मंत्री शैलेंद्र सिंह पुनिया के घर में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी कि मन कि बात कार्यक्रम को सुना गया।



### शबरी नदी किनारे ग्राम दुब्बाटोटा को वन विभाग बनाएगा पर्यटन केन्द्र

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग का सुकमा जिला जो राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। इस जिले की सीमा ओडिशा मलकानगिरी जिला, तेलंगाना भद्राद्री, कोठागुडेम जिला और आंध्र प्रदेश अल्लूरी, सीताराम, राजू जिले से लगती है। यह ओडिशा, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश राज्यों और बस्तर, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिलों के साथ सीमा साझा करता है। यह जिला जो भारतीय राज्य छत्तीसगढ़ का सबसे दक्षिणी जिला है। यह बस्तर क्षेत्र में स्थित है, जो अपनी आदिवासी संस्कृति के लिए जाना जाता है। इस जिले को 2012 में दंतेवाड़ा से अलग करके बनाया गया है। इसी जिले में शबरी नदी किनारे ग्राम दुब्बाटोटा में वन विभाग की नर्सरी स्थापित है, जहां औषधी पेड़-पौधे सहित लोगों के लिए पार्क है, जहां पर्यटक पिकनिक मना सकते हैं। शबरी नदी किनारे वन विभाग बम्बू रॉफ्टिंग शुरू करने का प्रयास कर रहा है, जिससे यह स्थल पर्यटन केन्द्र बन सके, जहां देशी-विदेशी पर्यटन का आनंद ले सकेंगे। बताया जा रहा है कि पर्यटन स्थलों का भौगोलिक अध्ययन एवं महत्त्व है, छत्तीसगढ़ में शासन द्वारा विभिन्न पर्यटन स्थलों को चिन्हांकित किया गया है, जहां देशी एवं विदेशी पर्यटक आते है, इससे राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है इसलिए छत्तीसगढ़ में पर्यटन की अपार संभवनाएं है। शोध एवं अनुसंधान की दृष्टिकोण से वैज्ञानिक पहलुओं का ध्यान रखते हुए मानचित्रों का उपयोग कर पर्यटन के अनेक पहलुओं का अध्ययन आवश्यक है।

## बारिश से तेंदूपत्ता फड़मुंशियों की मुश्किलों में हुआ इजाफा



**दुर्गूकोंदल।** बेमौसम बारिश ने तेंदुपत्ता फड़ मुंशियों की मुश्किलें बढ़ा दी है। लगातार हो रही बारिश को देखते हुई कुछ तेंदुपत्ता फड़ों में जाकर निरीक्षण किया गया। जनपद सभापति जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल विकास राजु नायक ने कहा कि मेरे कार्य क्षेत्र लोहत्तर में बस्तर का हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ता खरीददारी, जिसमें लोहत्तर 118 समिति में लगभग 1000 संग्राहक है, जिन्होंने कुल 11 फड़ो में 23 लाख 12 हजार 480 मानक बोरा तेंदुपत्ता की खरीदी हुआ था। खरीददारी के पश्चात अब बोरा भराई नही होने से फड़ मुंशियों के साथ प्रबंधक भी परेशान है। तेंदूपत्ता तोड़ाई कर जहां तेंदूपत्ता को सुखाया गया है वहां से अब तक तेंदूपत्ता का उठाव नहीं हुआ है। वहीं बीरेंद्र दुग्गा गुमड़ी, नरेंद्र उइके परभेली, परशु जैन जाड़ेकूर्से, पुरुषोत्तम देहारी लोहत्तर, विकास ठाकुर सोनादई, शंकर उसेंडी पिरचोड़ सहित सभी फड़ मुंशियों का कहना है कि सही समय पर बोरा न देने के कारण और बारिश को देखते हुए त्रिपाल की कमी के कारण हमें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गोदाम भानुप्रतापपुर होने से मालवाहकों को सही दाम नही मिल पा रहा है, जिससे बोरा की उठाई सही समय में नही हो पा रहा है। यह गर्मी के मौसम में रुक-रुक कर बारिश होने से तेंदुपत्ता फड़ो में मिट्टी में पानी की बढ़ने से तेंदुपत्ता सड़ने लगे है जिससे तेंदूपत्ता श्रमिक अत्याधिक चिंतित है, जिससे भारी नुकसान हो गया है। इसकी भरपाई हम कैसे करें? इसके लिए सम्बंधित अधिकारी कोई ठोस कदम उठाए और होने वाले नुकसान को किस प्रकार से हम शासन प्रशासन तक पहुंचाकर उचित निराकरण करें।




### जल संरक्षण का लिया संकल्प, की साफ सफाई

**दुर्गूकोंदल।** जल संरक्षण महाभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत परेंकोड़ो में तालाब, हैण्ड पम्प, उचित मूल्य दुकान एवं पंचायत भवन की साफ सफाई कर रैली निकालकर जल संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच सीताबाई गावड़े, सचिव हरसूराम नेताम, रोजगार सहायक नरेन्द्र कुमार कुलदीप, मेट उमा कावड़े, मिथलेश उसेण्डी, बिजेबाई रावटे, सुनीता मतलाम, बरतनीन, हरिलाबाई, भिरोतिन टेकाम, जानकी गावड़े, सुरेश्री तेता, रामबाई गावड़े, ललीता बाई कौड़ो, वेदबत्ती गावड़े, उपासिन बाई गावड़े, सपुराबाई उसेण्डी, जानोबाई मतलाम, रीना बाई परचापी, शशिकला परचापी, सुल्ताना गावड़े, चम्पी कौड़ो, प्रीति कौड़ो व अन्य उपस्थित रहे।

## छिंद पेड़ किसी वरदान से कम नहीं, कई वस्तु बनाने व खाने में होता है उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

बस्तर में छिंद पेड़ से प्राप्त फल से गुड़ बनाने की परम्परा है, छिंद पेड़ के फलो कों इकट्ठा करके गुड़ बनाया जाता है, जो पारम्परिक और पौष्टीक उत्पाद है। छिंद के फल सेहत के लिए किसी खजाने से कम नहीं है। साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हिसाब से भी छिंद महत्वपूर्ण है, चाहे चटाई बनाना हो, घरों की छत और बाड़ बनाना हो या फिर हाथ पंखें या झाड़ू। छींद की पत्तियां खूब इस्तेमाल की जाती हैं। छींद की पत्तियों से घर को सजाने के लिए कई तरह के सजावटी सामान तैयार किए जाते हैं, इतना ही नहीं आज भी आदिवासी परंपरा के अनुसार ग्रामीण इलाकों में शादी विवाह के मौके पर छींद से बना मुकुट और सेहरा दूल्हा और दुल्हन को पहनाया जाता है, इसको बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में विशेष कला का प्रदर्शन करते हैं। वही सेहत के मामले में बात करें तो यह फल पोषण



से भरपूर होता है। इसके अलावा छिंद की पत्तियां, झाड़ू, राखी से लेकर कई तरह की घरेलू वस्तुएं बनाने में काम आती हैं। देशी खजूर यानि की छिंद की इन दिनों आंचलिक क्षेत्रों में बहार आई है, इसके पेड़ पर गुच्छो में लदे नारंगी फल लगते हैं, जो खजूर के जैसे स्वाद होते हैं इसके बीज भी खजूर के बीजों की तरह दिखते हैं, छिंद का फल सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, आयुर्वेद के जानकारों का मानना है कि छिंद के फायदों के सामने बाजार में बिकने वाले किसी भी टॉनिक के फायदे कमजोर साबित होते हैं कि कमर और कुल्हे के दर्द में तेज़ी से राहत देने के लिए वे लोगों को पके हुए छिंद खाने की सलाह देते हैं, छिंद के फल एनाल्जेसिक भी होते हैं यानी इनमें दर्द निवारक गुण भी खूब होते हैं, वर्टिगो और बार-बार सर चकराने की समस्या में भी छिंद के पके फल बढ़िया काम करते हैं, डायटरी फाइबर्स की मात्रा भी खूब होने की वजह से ये पाचन दुरुस्त करता है और पेट की कई समस्याओं की छुट्टी करता है, कैल्शियम भी खूब पाए जाने की वजह से ये हमारे हड्डियों के लिए भी उत्तम है, गांव देहातों में इसकी जड़ों को खोदकर दातून की तरह उपयोग में लाया जाता है. पायरिया, सड़ांध और दांतों की मजबूती के लिए इसे कारगर माना जाता है इस तरह ग्रामीण इलाकों में कई कार्यों में छिंद के पेड़ का उपयोग किया जाता है।

## शासन की योजनाओं के संबंध में हितग्राहियों ने अपने अनुभवों को किया साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

सुशासन तिहार के अंतर्गत आज माँ दंतेश्वरी परिसर स्थल मेंढक डोबरा मैदान में जनसंपर्क विभाग द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, हितग्राहियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस आयोजन का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना, साथ ही इन



योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को अपने अनुभव साझा करने का मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम में विभिन्न जनपद पंचायतों से आए हितग्राहियों ने जानकारी दी शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनका आर्थिक, सामाजिक स्तर में बदलाव आया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं माँ दंतेश्वरी की वंदना से हुई। इसके उपरांत हल्बी और छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, गीत-संगीत की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

### जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी और जानकारी केंद्र

स्थल पर शासन की विभिन्न योजनाओं दृ जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, राशन कार्ड योजना, किसान सम्मान निधि, और स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देने हेतु विशेष प्रदर्शनी लगाई गई थी। इन केंद्रों में उपस्थित अधिकारियों ने लोगों को योजनाओं के पंजीयन, पात्रता एवं प्रक्रिया की जानकारी दी।

### हितग्राहियों की जुबानी, सफलता की कहानियां

मंच से कई हितग्राहियों ने अपनी जीवन यात्रा और शासन की योजनाओं से हुए लाभ को साझा किया। किसी ने स्वरोजगार योजना के माध्यम से छोटी इकाई स्थापित की तो किसी ने आयुष्मान योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा का लाभ लिया। इन अनुभवों ने अन्य लोगों को भी योजनाओं से जुड़ने की प्रेरणा दी।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत निकाली जागरुकता रैली

**दंतेवाड़ा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कुआकोंडा द्वारा नकुलनार पंचायत में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। रैली का उद्देश्य समाज में बालिका शिक्षा के महत्व को उजागर करना और बेटियों को शिक्षा के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी अनिल कुमार लोनिया ने बेटियों के अधिकार, शिक्षा और सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है।

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए
28 मई, बुधवार, समय - सुबह 10:30 से 4 बजे तक
पता- राठौर मेडिकल स्टोर्स, होटल सुंदरम, मेन रोड, कांकेर
असाध्य रोग मिटाओ
होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान
यदि आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है तो कृपया एक बार अवश्य मिलें
पाईल्स, भगन्दर की विशेष चिकित्सा
मूत्र एवं किडनी रोग ओपीडी
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द
बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH),
UTI बार बार इंफेक्शन Pus Cell बनना।
- अंडकोष में सूजन (Hydrocele), Varicocele) पथरी
- रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, पेशाब कपड़े में ही छूट जाना लिकेज होना।
- ऐसा लगता है पेशाब अधूरा है और करने की इच्छा होती है।
- पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना
- यौन कमजोरी Erectile Dysfunction शुक्राणु की कमी
- क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
कृपया असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट

मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## झीरम घाटी में मारे गये नेताओं को भाजपा पदाधिकारियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**बीजापुर।** झीरम हत्याकांड की बारहवीं बरसी पर आज शाम 6 बजे बीजापुर के जय स्तम्भ चौक पहुंचकर भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा झीरमकांड में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा 25 मई 2013 को जो झीरम कांड हुआ था कायराना घटना हुआ था। जिसमें छत्तीसगढ़ के राजनेता, जवान शहीद हुए थे ये छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश के लिए अपूर्णीय क्षति है। आज पूरा प्रदेश श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। हम इस पूरी घटना की निंदा करते हुए बस्तर टाइगर स्व.महेंद्र कर्मा सहित सभी राजनेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस दौरान भाजपा के पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष घासीराम नाग, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदालियर, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी,उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान, सभी पार्षद समेत भाजपा नेता एंव कई कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज